## खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक

# युवाओं को खेल मैदानों की ओर आकर्षित करने पर करें कार्य : मंत्री विश्वास सारंग

- हर विधानसभा में बनेगा एक खेल परिसर
- विधायक कप को फिर से शुरू करने के दिये निर्देश



हरिभूमि जबलपुर।

सहकारिता तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने शनिवार को रांझी स्थित तीरंदाजी खेल परिसर के सभाकक्ष में खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संभाग स्तरीय बैठक लेकर खेलों के विकास से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में सांसद आशीष दुबे, विधायक अशोक रोहाणी, राजकुमार पटेल, कमलेश अग्रवाल, संयुक्त संचालक बीएस यादव तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संभाग के सभी जिला खेल अधिकारी एवं युवा समन्वयक उपस्थित रहे।

बैठक में मंत्री श्री सारंग ने खिलाडियों को उत्कृष्ट खिलाड़ी और युवाओं को खिलाड़ी बनाने के राज्य सरकार के उद्देश्य से अधिकारियों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि खेल परिसरों में खेल गतिविधियों को व्यवस्थित रूप से संचालित कर उनकी आत्मा को जीवित रखने के लिए सभी को कार्य करना होगा। मंत्री श्री सारंग ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए जबलपुर संभाग और प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा में एक खेल परिसर बनाने की घोषणा की तथा विधायक अशोक रोहाणी की मांग पर खेलों के विकास के लिये प्रदेश में कालांतर में आयोजित किए जाने वाले विधायक कप की पुनः शुरुआत करने का आश्वासन भी दिया।

### "खेलो पढ़ो अभियान"

मंत्री श्री सारंग ने बैठक के दौरान "खेलो पढ़ो अभियान" के अंतर्गत युवा और बच्चों को खेल मैदानों की ओर आकर्षित करने के लिए कार्य करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत स्कूली बच्चों को खेल अधोसंरचनाओं का भ्रमण कराएं, उन्हें खेलों से संबंधित फिल्में दिखाई जाएं, उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सफलता से अवगत कराया जाए, खेलों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाए तथा क्षमतावान बच्चों को चिन्हित कर उनके अभिभावकों से बातचीत कर रुचि के अनुसार उन्हें खेल अकादमी में प्रवेश दिया जाए। खेल मंत्री ने जिला स्तर पर पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के निर्देश भी बैठक में मौजूद खेल अधिकारी को दिए।

### एमपीवायपी को क्रियान्वित करें

बैठक में मंत्री श्री सारंग ने युवा कल्याण के लिये राज्य शासन द्वारा शुरू किये गये नवाचारों को लेकर संभाग में आयोजित की जा रही गतिविधियों की समीक्षा भी की। उन्होंने सेना एवं पुलिस की भर्ती में प्रशिक्षण के लिए प्रारंभ की गई पार्थ योजना एवं मध्यप्रदेश युवा प्रेरक अभियान एमपीवायपी को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए। बैठक में मंत्री श्री सारंग ने खेल अधिकारियों को जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर जिले में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करने की बात कही, ताकि खेलों को बढ़ावा दिया जा सके और ज्यादा से ज्यादा युवाओं को खेलों के प्रति आकर्षित किया जा सके।

### खेल परिसर का निरीक्षण किया

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री ने बैठक में मंत्री श्री सारंग ने अधिकारियों से संभाग के सभी जिलों में खेल परिसरों की स्थिति एवं उनमें आयोजित की जा रही खेल गतिविधियों की जानकारी ली और प्रदेश में खेलों के उन्नयन के लिए राज्य शासन द्वारा जारी कार्ययोजना को क्रियान्वित करने के निर्देश भी दिए। मंत्री श्री सारंग ने बैठक के पहले सांसद आशीष दुबे एवं विधायक अशोक रोहाणी के साथ खेल परिसर का निरीक्षण किया और यहाँ उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली।

## सहकारिता मंत्री ने जबलपुर में गांधी परिवार पर कसा तंज

# राहुल को इटली से महाकुंभ जाने की अनुमति नहीं मिली

**जबलपुर।** सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने यहां गांधी परिवार पर तंज कसते हुए कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में जहां 66 करोड़ लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई वहां गांधी परिवार नहीं पहुंचा। उन्होंने कहा कि शायद इटली से अनुमति नहीं मिली इसलिए राहुल गांधी, और गांधी परिवार का कोई भी सदस्य प्रयागराज महाकुंभ में डुबकी लगाने नहीं गया। जबलपुर प्रवास के दौरान श्री सारंग कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में पत्रकारों से अनौपचारिक चर्चा कर रहे थे।



विश्वास सारंग ने यह भी कहा कि सिर्फ त्रिपुंड लगाकर हिंदू वोटर्स को भ्रमित करने की हमेशा से राहुल गांधी कोशिश करते आ रहे हैं. राहुल-प्रियंका गांधी अगर हिंदू है तो वह साबित करके बताएं. राहुल कोट के ऊपर हमेशा जनेऊ पहनते हैं और प्रियंका गांधी उल्टी आरती उतारती है। गांधी परिवार द्वारा महाकुंभ में डुबकी न लगाना यह साबित करता है कि राहुल हमेशा ढकोसला करते हैं।

उन्होंने कहा कि इसलिए यह लोग कुंभ स्नान करने नहीं गए थे। उन्हें यह भी डर था कि अगर कुंभ स्नान करने चले जाते तो उन्हें ईसाई धर्म से निकाल दिया जाएगा। श्री सारंग ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा सनातन का अपमान किया है। लेकिन प्रयागराज महाकुंभ ने इतिहास गढ़कर यह साबित कर दिया कि सनातन की जड़े बहुत मजबूत है और सनातन धर्म के प्रति लोगों की आस्था भी अटूट हैं।

सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी को उस बयान पर, जिसने उसमें उन्होंने कहा था कि जो बिक गए वो पार्टी को छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए, इस पर पलटवार करते हुए श्री सारंग ने कहा कि जिस पार्टी की दुकान व शो-रुम दोनों ही बंद हो गए है, उसमें आज भी इतनी अकड़ है. कांग्रेस के नेता इस बात पर विचार मंथन करे कि आखिर क्यों उनकी पार्टी छोड़कर हमारी पार्टी में शामिल हुए है.

### सहकारिता में स्थापित होंगे नए आयाम


पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और देश के सहकारिता एवं गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के निर्देशन में सहकारिता के क्षेत्र में पूरी दृढ़ता के साथ काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि सहकारिता को बढ़ावा देने के लिए देश में पहली बार ग्लोबल इंवेस्टर समिट में 2 हजार 305 करोड़ से अधिक एमओयू साईन किए गए। रिलायंस, बैद्यनाथ, पंतजलि जैसी बड़ी कंपनियों ने भी एमओयू किए है। पहली बार किसानों के जीवन में समृद्धि लाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने सीपीपीपी (कॉपरेटिव पब्लिक प्रायवेट पार्टनशिप) मॉडल पर नवाचार अपनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने में सहकारिता विभाग महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। वहीं एमपैक्स से ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिभर्रता और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि सहकारिता के अधिकारियों को अनियमितता और भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर काम करने के निर्देश दिए गए है।

## 22 वार्डों में पहुंचेगा पवित्र गंगाजल

**जबलपुर।** जबलपुर उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ अभिलाष पांडे द्वारा अनूठी पहल करते हुए प्रयागराज महाकुंभ में जो लोग महाकुंभ किसी कारण वश नहीं जा पाए या गंगाजल नहीं लेकर आ सके उनके लिए त्रिवेणी संगम से पवित्र गंगाजल मंगवाकर उत्तर मध्य विधानसभा के सभी 22 वार्डों में पहुंचाया जाएगा। रविवार दिनांक 2 मार्च को अपराह्न 12 बजे से आई टी आई चौक पर पवित्र गंगा जल को लेकर टैंकर का आगमन होगा।

# बारहवी के पेपर में 4 बच्चे रहे अनुपस्थित

- दसवीं के एनएसक्यूएफ विषय मे 23 छात्रों ने नहीं दी परीक्षा
- जिले मे कोई भी नक़ल प्रकरण नहीं बना



हरिभूमि, जबलपुर।

माशिमं के द्वारा आयोजित कक्षा बारहवी की बोर्ड परीक्षा में 1 फरवरी को उर्दू /मराठी विषय का पेपर हुआ, इसके साथ ही कक्षा दसवी के एनएसक्यूएफ विषय के परीक्षार्थी भी परीक्षा में बैठे । जिले मे 103 परीक्षा केंद्रों मे से 54 परीक्षा केंद्रों पर आज पेपर रहा।

जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने बताया कि जिले के सभी परीक्षा केन्द्रो मे शांतिपूर्वक परीक्षा आयोजित हुई, जिले मे कही भी कोई नक़ल प्रकरण नहीं बना हैं। कक्षा बारहवी के उर्दू /मराठी विषय के प्रश्नपत्र मे शहर के 302 परीक्षा मे बैठे जिसमे से 4 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

इसी प्रकार कक्षा दसवीं के एनएसक्यूएफ विषय के पेपर मे कुल 2074 परीक्षार्थी परीक्षा मे बैठे जिसमे से शहर क्षेत्र से 3 परीक्षार्थी एवं ग्रामीण क्षेत्र के 20 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, इस प्रकार शहर एवं ग्रामीण को मिलाकर कुल 23 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

सभी परीक्षा केन्द्रो में कलेक्टर प्रतिनिधि की उपस्थिति मे ऑनलाइन एप के माध्यम सें निगरानी रखते हुए पेपर हुआ। पुलिस थाने एवं परीक्षा केंद्रों मे कलेक्टर प्रतिनिधि एवं केन्द्राध्यक्ष के आपसी समन्वय से सभी कार्य आसानी से शांतिपूर्वक सम्पादित किए गए।

परीक्षा के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के नेतृत्व मे गठित दल के द्वारा विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी जगह व्यबस्थित परीक्षा संचालित पायी गयी। कोई नक़ल प्रकरण नहीं पाया गया।

कलेक्टर द्वारा गठित दलो के द्वारा सरस्वती स्कूल गंगा नगर, शा रानी दुर्गावती कन्या स्कूल गंगा नगर, शा उमावि बघराजी, शा उमावि कन्या शाला कुण्डम, बी एम डी हित कारिणी कन्या शाला दीक्षितपुरा का निरीक्षण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर घनश्याम सोनी के निर्देश पर विकासखंड स्तर पर सभी सहायक संचालक शिक्षा बीईओ के द्वारा भी सभी ब्लॉक मे सघनता से परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। सभी निरीक्षण के दौरान किसी भी केंद्र मे कोई भी अनियमितता नहीं पायी गयी एवं कोई भी नक़ल प्रकरण नहीं बना।

## रिशु एजेंसी के संचालक पर लगाया गया 5 हजार रूपये का जुर्माना

**जबलपुर।** निगमायुक्त प्रीति यादव के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कार्रवाई शुरू कर दी गई है। निगम को जानकारी मिली की गौमाता चौक स्टेडियम के पास स्थित रिशु एजेंसी द्वारा कचरा में आग लगाई गयी है और उनके इस कृत्य से स्वच्छता अभियान प्रभावित होने के साथ-साथ पर्यावरण पर भी विपरीत प्रभाव पड़ा है। जिसके कारण निगमायुक्त ने रिशु एजेंसी संचालक के विरूद्ध कार्रवाई करने स्वास्थ्य विभग के उपायुक्त संभाव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवाल और संबंधित सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव को निर्देशित किया कि संबंधित के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें। निगमायुक्त के निर्देशों का पालन करते हुए उक्त अधिकारियों ने गंदगी फैलाने एवं कचरा जलाने वाले गौमाता चौक स्टेडियम के पास स्थित रिशु एजेंसी पर 5 हजार का जुर्माना लगाया और चालानी कार्रवाई की गयी।

## दक्षिण भारतीय के कलाकारों और निर्माताओं को जो सहयोग दिया है वह अमूल्य है : राकेश सिंह

# जबलपुर भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के बड़े शक्ति केंद्र बनने की राह पर : राना दग्गुबाती

**जबलपुर।** जबलपुर और मध्य प्रदेश, भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के बड़े शक्ति केंद्र बनने की राह पर हैं। यह बात बाहुबली फेम राना दग्गुबाती ने कही। वीडियो संदेश के माध्यम से उन्होंने कहा कि वह इस सिनेमाई यात्रा को देखने के लिए उत्साहित हैं। फिल्म बाहुबली में बलालदेव की भूमिका निभाने वाले राना ने कहा कि वह मध्य प्रदेश के विकास के लिए अच्छी नीतियों के निर्माण विशेष तौर पर फिल्म नीति को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बहुत धन्यवाद देते हैं। उन्होंने लोकनिर्माण मंत्री राकेश सिंह को विशेष तौर पर धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि राकेश सिंह ने दक्षिण भारतीय सिनेमा जगत के कलाकारों और निर्माताओं को जो सहयोग दिया है वह अमूल्य है।

वीडियो संदेश में तेलगू अभिनेता वेंकटेश के बड़े भाई और अभिनेता राना दग्गुबाती के पिता तथा दक्षिण भारतीय निर्माता परिषद के अध्यक्ष डी. सुरेश बाबू ने कहा कि वह जबलपुर फिल्म सिटी के निर्माण के लिए कठिन परिश्रम कर रहे पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव तथा मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड प्रमुख शिव शेखर शुक्ला तथा इस फिल्म सिटी के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे बियोंड स्टूडियो के भारत भूषण को शुभकामना देते हैं।



राना दग्गुबाती ने कहा कि यह अविस्सनीय प्रतीत हो रहा है कैसे मध्य प्रदेश फिल्म उद्योग के लिए विशेष तौर पर दक्षिण भारतीय फिल्म इंडस्ट्रीज के लिए सहायक बन रहा है। जबलपुर में बनने वाली फिल्म सिटी को लेकर राना दग्गुबाती ने कहा कि इस फिल्म सिटी के निर्माण से फिल्म उद्योग, विशेष रूप से दक्षिण भारतीय फिल्म निर्माताओं को लाभ होगा। सुरेश बाबू ने कहा कि उन्होंने मध्य प्रदेश में आनंदी सिने आर्टस के साथ मिलकर फिल्म अहिंसा की शूटिंग पूरी की और मध्य प्रदेश में हमारा अनुभव बहुत अच्छा रहा। राना दग्गुबाती ने कहा वह पूरे मध्य प्रदेश को शुभकामना देते हैं। विशेष रूप से मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव को जिन्होंने बदलते मध्य प्रदेश के लिए विभिन्न सेक्टरों में बेहतरीन नीतियों को खास तौर फिल्म नीति का निर्माण किया। जबलपुर पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कति परिषद –जेएटीसीसी- के सीइओ हेमंत सिंह ने बताया कि जबलपुर में फिल्म सिटी के लिए वह सभी आधारभूत ढांचा उपलब्ध है जो जरूरी होता है, प्रशासन फिल्म निर्माताओं को हर तरह से सहयोग करने तत्पर है। बियोंड स्टूडियोज के एमडी भारत भूषण ने कहा कि वह एक फिल्म जबलपुर में शूट कर चुके हैं जो जल्द रिलीज होगी इस फिल्म में प्रदेश के दो हजार लोगों को प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि नर्मदे नाम की फिल्म का निर्माण किया जा रहा है ,जिसकी लाचिंग लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने की नर्मदा प्रकटोत्सव पर की थी । 1 मिनट 16 सेकंड के वीडियो में राणा ने जय महाकाल तथा डी सुरेश ने नर्मदे हर का जयघोष लगाया।

## महाकोशल चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के चुनाव परिणाम घोषित

# चेम्बर चुनाव में रवि गुप्ता पैनल की निर्विरोध जीत



**जबलपुर।** महाकोशल चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के आगामी सत्र 2025-2027 के लिए चुनाव परिणामों की घोषणा शनिवार को की गई। रवि गुप्ता पैनल के सभी प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए, जिसमें प्रमुख पदों पर रवि गुप्ता को अध्यक्ष, शंकर नाग्देव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, युवराज जैन गढ़ावाल को कनिष्ठ उपाध्यक्ष, हेमराज अग्रवाल को कोषाध्यक्ष, अखिल मिश्र को मानसेवी मंत्री, और गुलशन मखीजा एवं प्रभात जैन वर्धमान को सहमंत्री के पद पर चुना गया।

मुख्य चुनाव अधिकारी, सी.ए. राकेश खण्डेलवाल और सहायक चुनाव अधिकारी, सी.ए. सुकेश कुमार द्वारा चुनाव परिणामों की घोषणा की गई। चुनाव परिणामों के बाद, नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर विभिन्न व्यापारिक एवं औद्योगिक संघों से आए पदाधिकारियों और सदस्यों ने उन्हें पुष्पहारों से सम्मानित किया।

रवि गुप्ता पैनल के चुनाव संचालन समिति के सदस्य – राजेश चंडोक, अनुराग जैन गढ़ावाल, राजा सराफ, मेवालाल छिरौल्या और अनिल जैन पाली ने उपस्थित सभी संगठनों के पदाधिकारियों और सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस ऐतिहासिक जीत में उनके सहयोग और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

## लोडिंग पिकअप वाहन की टक्कर से 2 महिलाएं घायल

**जबलपुर।** पनागर थाना अतंर्गत सतना ढाबा के पास एन एच 30 रोड के पास बस का इंतजार कर रही दो महिलाओं को एक लोडिंग पिकअप वाहन चालक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों महिला घायल हो गई, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शारदा शारदा मोहल्ला हनुमानताल निवासी 40 वर्षीय विकलांग अजय नामदेव गत दिवस अपनी मां जानकी नामदेव और परिचित की अरफाना बी के साथ गांधीग्राम बुढागर आयुर्वेदिक उपचार कराने के लिये गये थे। उपचार कराने के बाद घर वापस जाने के लिये शाम लगभग 5.10 बजे सतना ढाबा के पास एन एच 30 रोड के पास बस का इंतजार करते हुए धीरे धीरे जबलपुर की ओर पैदल जा रहे थे तभी पीछे से आ रही लोडिंग पिकअप क्रमांक एमपी 30 एल ए 0775 के चालक ने उसकी मां जानकी नामदेव और अरफाना बी को टक्कर मार दी, जिससे दोनों को हाथ, पैर एवं शरीर में चोटें आ गयी। अजय नामदेव ने दोनों घायलों को उपचार हेतु सनराईज अस्पताल जबलपुर मे भर्ती कराया है। पुलिस ने आरोपी लोडिंग पिकअप वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।



## 16 संभागों में 48 करदाताओं के विरूद्ध हुई कुर्की की कार्रवाई

**जबलपुर।** नगर निगम ने करदाताओं के विरूद्ध सख्ती प्रारंभ कर दी गई है। एक साथ सभी 16 संभागों में बड़ी कार्रवाई करते हुए 48 बड़े बकायादारों के विरूद्ध बकाया करों की राशि जमा कराने सम्पत्ति कुर्क करने की ताबड़तोड़ कार्रवाई की गयी. वहीं इस कार्रवाई को और सख्त करने तथा बकायादारों के नाम सार्वजनिक करने की कार्रवाई संबंधी तैयारियाँ जोरों पर है। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि अब समय नहीं है लक्ष्य प्राप्ति के लिए बड़ी कार्रवाईयाँ की जायेगी इसके लिए सभी संभागीय अधिकारियों को अपने अपने संभाग के अंतर्गत रोड़ मैप तैयार करने के सख्त निर्देश दिये गए है। निगमायुक्त के सख्त निर्देशों के उपरांत राजस्व अमलों ने अभियान को गति देने की दिशा में कार्रवाईयाँ शुरू कर दी है, जिसके परिणाम स्वरूप आज संभागों में वसूली अभियान के अंतर्गत बकाया करों की राशि जमा करने वाले करदाताओं की संख्या में इजाफा हुआ है। कार्रवाई के दौरान सभागीय अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक, एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बिना अनुमति के बज रहे डीजे जब्त

**जबलपुर।** रांझी थाना अतंर्गत गत रात मुंडीटोरिया में बिना अनुमति के तेज आवाज में डीजे बजाने वाले डीजे संचालक पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो साउण्ड बॉक्स, एक एम्पलीफायर जब्त किया है। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात मुंडीटोरिया में बिना अनुमति और तेज आवाज में डीजे साउंड बॉक्स बजा रहे मुंडीटोरिया निवासी 26 वर्षीय गोलू कोल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 साउण्ड बाक्स , एक स्टूडियो मास्टर कम्पनी का एम्पलीफायर, 2 लीड जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 7/15 म.प्र.कोलाहल अधिनियम तथा 223 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## 330 पाव देशी शराब एवं स्कूटी जप्त

**जबलपुर।** रांझी थाना अतंर्गत गत रात अवैध शराब स्कूटी में रखकर शोभापुर तरफ से मड़ई जा रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 330 पाव देशी शराब और स्कूटी जब्त की है। रांझी थाना प्रभारी मानस द्विवेदी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर गत रात स्कूटी क्रमांक एमपी 20 जेडई 9701 में शराब रखकर शोभापुर से मड़ई तरफ जा रहे वंशकार मोहल्ला बल्दीकोरी की दफाई घमापुर निवासी 25 वर्षीय संदीप वंशकार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 330 पाव देशी शराब और स्कूटी जब्त की है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

## होली, नवरात्रि और रमजान के पर्व मनाये जायेंगे

# धार्मिक त्यौहारों से सराबोर रहेगा मार्च

हरिभूमि, जबलपुर।

मार्च महीने में धार्मिक आयोजनों का एक अनोखा संगम होगा. इबादत, उमंग, उत्साह, शांति और संयम के प्रतीक पर्व एक के बाद एक आएंगे. आज से जहां रमजान का महीना शुरु होगा, वहीं कुछ ही दिनों में होली पर्व की तैयारियां शुरु हो जाएगी. महीने के अंत में जब इबादत का पर्व समाप्त हो रहा होगा, तभी चैत्र नवरात्र की शुरुआत हो जाएगी. इस महीने में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सवों के माध्यम से समाज में आपसी एकता और भाईचारे की भावना को भी बढ़ावा मिलेगा।

गौरतलब है कि आज 2 मार्च से रमजान का पवित्र माह शुरू होगा, जबकि 3 मार्च को विनायक चतुर्दशी व्रत और 10 मार्च को आमल की एकादशी का आयोजन होगा। 13 मार्च को होलिका दहन के साथ धुरैड़ी और स्नानादि पूर्णिमा का पर्व मनाया जाएगा, इसके बाद 16 मार्च को भाई दूज, 19 मार्च को रंग पंचमी, और 22 मार्च को शीतलाष्टमी और बसोरा जैसे त्योहार होंगे। 30 मार्च को गुड़ी पड़वा, चेट्री चंड और बैठकी के साथ माह समाप्त होगा, और 31 मार्च को ईदुल फितर का पर्व मनाया जाएगा, जो रमजान के महीने का समापन करेगा।



### पहला रोजा 13 घंटे का

शुक्रवार को चांद नजर नहीं आया, जिससे आज से रमजान का महीना शुरु हो रहा है। आज रविवार को रखा जाने वाला पहला रोजा करीब 12.57 घंटे का होगा, और सुबह 5:26 बजे से शहरी रोजा की शुरुआत होगी। रमजान के दौरान मस्जिदों और मुस्लिम बहुल इलाकों में विशेष सजावट की जा रही है।

### सामाजिक सद्भाव की बनेगी मिसाल

मार्च महीने में धार्मिक पर्वों के अलावा सामाजिक सद्भावना और आपसी एकता के दृश्य भी देखने को मिलेंगे। जहाँ एक ओर होली जैसे रंगीन त्योहार पर सभी लोग आपस में मिलकर खुशियाँ मनाते हैं, वहीं रमजान के महीने में सामूहिक रोजा अफ्तार की भावना भी पनपती है। संस्कारधानी शहर में हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के लोग अपने-अपने त्योहारों को एक साथ मिलकर मनाते हैं, जो समाज में भाईचारे और प्यार का प्रतीक है। यहां सामूहिक होली मिलन समारोह और सामूहिक ईद मिलन समारोह जैसे आयोजन होते हैं, जो सांप्रदायिक एकता को बढ़ावा देते हैं।

## रामलीला मैदान घमापुर में उमड़ा जनसैलाब

**जबलपुर।** श्री गिरिजा शंकर रामलीला मैदान घमापुर में आयोजित शिव महापुराण के पंचम दिवस के अवसर पर व्यास आचार्य सिद्धार्थ पाण्डे महाराज ने कार्तिकेय प्राकट्य एवं भगवान गणेश प्राकट्य की कथा का व्याख्यान किया। इस अवसर पर प्रमुख यजमान डॉ. ए.सी. सोनकर, श्रीमति अमरलता सोनकर, एड. बलराज सोनकर, राजश्री सोनकर एवं रामलीला समिति के पं. कमलेश तिवारी, एड. श्यामचंद्र तिवारी, डॉ. शिवमणी मिश्रा, पं. विष्णु दीक्षित, सतीश खण्डेलवाल, पं. बलराम परोहा, जगदीश यादव, अरुण सोनकर, राजेश सेन, पं. अरविन्द पाठक, पं. राजेन्द्र पाण्डेय, मिथलेश तिवारी, सोनू सोनकर, कार्तिक, काव्या, संदीप सोनकर, बाबा सोनकर एवं संतोषी माता महामंडलेश्वर खाटू श्याम अखाड़ा क्षेत्रीय नागरिकों सहित समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। रामलीला के पं. कमलेश तिवारी ने बताया कि शिव पुराण की कथा का आयोजन समिति के संरक्षक एवं संचालक तथा क्षेत्रीय नागरिकों के सहयोग से किया जा रहा है। समस्त धर्मावलम्बी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील आयोजकों ने की है।

## मस्जिदों और मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में की गई सजावट

# नजर नहीं आया चांद : रमजान आज से, 12.57 घंटे का होगा पहला रोजा

**जबलपुर।** शुक्रवार को रमजान माह का चांद नजर नहीं आया। इसलिए मुस्लिम धर्मावलबियों का पवित्र माह रमजान रविवार से शुरू होगा। इसके लिए मस्जिदों और मुस्लिम बहुल इलाकों में आकर्षक साज-सज्जा की गई है। बहोराबाग में परंपरागत मीनाबाजार की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। 02 मार्च को रमजान का पहला रोजा रखा जाएगा, जो 12.57 घंटे का होगा। पहले रोजा की शहरी रविवार सुबह 5.26 बजे होगी। मुफ़्ती-ए-आज़म मध्यप्रदेश डॉ. मौलाना मुशाहिद रजा कादरी बुरहानी ने सभी को रमजान की मुबारकबाद दी। शरीयत की पाबंदी के साथ रमजान में इबादत करने की हिदायत भी दी।



रांझी में साज-सज्जा की गई है।

### मस्जिदों में रौनक

मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में रमजान की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। नया मोहल्ला, मंडी मदार टेकरी स्थित जामा मस्जिद अहले क़ुरेश, नूरानी मस्जिद ठक्कर ग्राम, मस्जिदे हनफिया बहोराबाग, नगीना मस्जिद गोहलपुर, सुलेमानी मस्जिद मोतीनाला, मस्जिद अलफबेग मंसूराबाद, जामा मस्जिद ओमती, बंगाली मस्जिद नया मुहल्ला, मस्जिद गौसिया बुरहान नगर घंटाघर, पीएसएम मस्जिद, जामा मस्जिद अंधेरदेव, औलिया मस्जिद चंडाला भाटा, छावनी क्षेत्र सदर तथा गढ़ा व

### शांति-सद्भाव से मनाएं पर्व

मुस्लिम लीगल एड एंड वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष शबाब खान, उपाध्यक्ष रिजवान खान, सचिव फिरोज अंसारी, कोषाध्यक्ष शेख अजीम, मासूम खान, शफी खान, जफर खान, रहीस खान, मो. आदिल, मोहतिसिम खान, मोनू, मो. रहीस, मोइन खान, अशफाक अहमद ने पाक माह रमजान शरीफ के मौके पर शहरवासियों को मुबारकबाद देते हुए शांति, सद्भाव के साथ त्यौहार मनाने की अपील की है।

# दो दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम का हुआ समापन



**जबलपुर।** जीव विज्ञान विभाग और डिजाइन इनोवेशन सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 27 और 28 फरवरी के राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम का समापन समारोह आज अपरान्ह 2:30 बजे से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरु प्रोफेसर राजेश कुमार वर्मा ने की तथा मुख्य अतिथि विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर सरदूल सिंह संधू तथा सारस्वत अतिथि डॉक्टर देवेंद्र सिंह सोढ़ी प्राचार्य स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ ऑफ होटल मैनेजमेंट रहे। कार्यक्रम का संचालन विभाग की डॉक्टर रेनू पाठक और डॉक्टर दिव्या सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन संयोजक प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह ने किया। उपरोक्त कार्यक्रम में प्रतियोगिताओं में विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट वितरण किया गया। समापन समारोह के पूर्व द्वितीय दिवस में वाद-विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसके निर्णायक मंडल में डॉक्टर सत्यप्रकाश त्रिपाठी और प्रोफेसर आशा खन्ना थे।

## पंडित दीपांशु शुक्ला को जिला प्रवक्ता बनाया

**जबलपुर।** श्री परशुराम सर्व ब्राह्मण संघ रजि. राष्ट्रीय समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नरेंद्र दुबे, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित श्यामसुंदर शर्मा, संस्थापक एवं प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर विजय शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष (नियुक्ति समिति) के डॉ.अरुण मिश्रा की सहमति से पंडित दीपांशु शुक्ला को जबलपुर के जिला प्रवक्ता बनाए जाने पर राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं प्रदेश,जिला के चन्द्रशेखर शर्मा,पं.रवि कांत पाठक,पं.यदुवंश मिश्रा, पं.अनिल दुबे,के के शुक्ला,आचार्य चन्द्रशेखर शास्त्री मातृशक्तियों में मिथलेश तिवारी,वनिता मालवीय,सुनीता तिवारी,रागनी तिवारी, भगवती भारद्वाज सहित सभी पदाधिकारियों इष्ट मित्र, स्नेहीजनों ने बधाइयां दी। आशा ही भी बल्कि पूर्ण विश्वास है की आप ब्राम्हण संघ के कार्यों में नियमानुसार एवं निष्ठा पूर्ण कार्य करेंगे। संघ उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं ।



## यूजीसी के छात्र विरोधी नियमों के खिलाफ कॉलेजों में बांटे पर्चे

# उच्च शिक्षा के निजीकरण को बढ़ावा दे रही सरकार

**जबलपुर।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) ने जबलपुर के विभिन्न कॉलेजों में जाकर ड्राफ्ट यूजीसी रेगुलेशन 2025 के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया और छात्रों को इस नीति के खतरों से अवगत कराया। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने पर्चे वितरित किए, जिनमें सरकार द्वारा शिक्षा के निजीकरण, आरक्षण नीति की उपेक्षा, कुलपतियों की मनमानी नियुक्ति और उच्च शिक्षा में बढ़ती असमानता के खिलाफ जानकारी दी गई थी।

यह अभियान एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रवक्ता विराज यादव एवं प्रदेश सचिव राहुल यादव के नेतृत्व में चलाया गया। इस दौरान छात्रों को बताया गया कि सरकार 'शिक्षा के निजीकरण' को बढ़ावा देकर आम छात्रों को उच्च शिक्षा से वंचित करने की साजिश कर रही है। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के आदेशानुसार, यह अभियान सिर्फ जबलपुर तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे प्रदेश में बड़े स्तर पर चलाया जाएगा। एनएसयूआई छात्रों के अधिकारों की रक्षा के लिए हर मोर्चे पर संघर्ष करेगा और किसी भी छात्र विरोधी नीति को लागू नहीं होने देगा। इस मौके पर साहिल मिश्र, अभय ठाकुर, श्रीराम चंदेल आदि मौजूद थे।





# नशा मुक्ति अभियान जारी

**पाटन।** धर्म सम्राट युग चेतना पुरुष परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के दिशा निर्देशन में भगवती मानव कल्याण संगठन के माध्यम से विगत 28 वर्षों से देश के कोने-कोने में समाज को नशा मुक्त, मांसाहार मुक्त और चरित्रवान जीवन जीने के लिए प्रेरित किया जा रहा है जिसके फल स्वरुप आज देश में लाखों लाख लोग जो नशे में लिप्त थे गुरुवर श्री की कृपा से आज नशा मुक्त जीवन यापन कर रहे हैं।

### गांव-गांव चल रहा अवैध शराब का कारोबार

**पाटन।** ग्राम उड़ना और ग्राम पौड़ी कला एवं पौड़ी खुर्द तहसील पाटन जिला जबलपुर में व्यापक पैमाने पर अवैध शराब का कारोबार किया जा रहा है यह अवैध व्यापार शराब का व्यापार जो गांव में चल रहा है इसके कारण पूरे गांव में अशांति का वातावरण है छोटे-छोटे बच्चे डरे हुए रहते हैं महिलाएं घरों से बाहर नहीं निकल पाती हैं शाम के समय शराबी शराब पी कर के रास्तों में गंदी गंदी गालियां देते हैं जिसका विपरीत प्रभाव बच्चों पर पढ़ रहा है शराब के सेवन से घरों में कलह का वातावरण निर्मित हो रहा है बहनों की मांगे सुनी हो रही है।

# वेस्ट जोन पेंचक सिलाट वूमेन्स लीग में शहर की बेटियों ने जीते 7 पदक

**जबलपुर।** बैडमिंटन हॉल पेड़ेम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स मापुसा, बर्देज गोवा में 21 से 23 फरवरी तक सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर पेंचक सिलाट खेलो इंडिया वूमेन्स लीग वेस्ट जोन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें जबलपुर जिले की खिलाड़ियों ने उत्तम प्रदर्शन करते हुए तीन रजत, चार कांस्य पदक सहित सम्पूर्ण मध्यप्रदेश को 49 पदक दिलाते हुए मप्र को द्वितीय स्थान दिलाने में अहम भूमिका निभाई। वेस्ट जोन से मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात, गोवा, दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव से 300 महिला खिलाड़ियों और अधिकारियों ने भाग लिया। पेंचक सिलाट एसो. जबलपुर के सचिव आशीष रैकवार ने बताया कि मप्र के विभिन्न जिलों की चयनित खिलाड़ियों ने इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपने-अपने वर्ग समूह में भाग लिया। प्रतियोगिता में सब जूनियर वर्ग में गंडा इवेंट में निशिका दीप्ती भरोस ने कांस्य पदक, अनिका सिंघल ने कांस्य, सीनियर वर्ग टैंडिंग इवेंट में ज्योति सैय्यम ने कांस्य, रेगू इवेंट में अनुश्री कुशवाहा ने रजत, पिंकी कोल ने रजत पदक, विशाखा कोल ने रजत व कांस्य पदक जीता, किंजल शर्मा एवं नैना चौधरी ने केजी टेंडिंग इवेंट में सहभागिता की।



# धूमधाम से निकली खाटू श्याम बाबा की शोभायात्रा

**जबलपुर।** श्री श्याम महिमा मंडल जबलपुर द्वारा खाटू श्याम बाबा का 20वां वार्षिकोत्सव मनाया गया जिसके अंतर्गत 01 मार्च को धूमधाम से शोभायात्रा कोतवाली स्थित बला के मंदिर से प्रारंभ होकर मालवीय चौक स्थित बगलामुखी मंदिर तक निकाली गई। इस अवसर पर मनीष अग्रवाल ने बताया कि यात्रा में हजारों की संख्या में श्याम बाबा के भक्तों ने भाग लिया, जिसमें सभी पुरुष सफेद रंग के कुर्ता-पैजामा और महिलायें पीले रंग के परिधान में, बाबा के रूप में नीले और पीले रंग के ध्वज लेकर भक्तिमय माहौल में नाचते-गाते चल रहे थे। यात्रा में खाटू श्याम बाबा के साथ हनुमान जी और जींड माता रानी सती दादी भी शामिल थीं, जिनका स्वागत यात्रा मार्ग पर जगह-जगह शहर के अग्रवाल सभा, शेखावाटी अग्रवाल समाज, खंडेलवाल समाज व अन्य द्वारा फूलों की बरसात से किया गया। शोभायात्रा के बगलामुखी मंदिर पहुंचने पर सभी झांकियों की आरती की गई जिसमें शहर के कई गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे।



## निधन





**श्रीमती पदमा ग्रोवर-** सिहोरा, पुराना बस स्टेंड वार्ड क्रमांक 11 निवासी श्रीमती पदमा ग्रोवर का 70 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था अंतिम संस्कार बाबाताल स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे अतुल ग्रोवर की माताजी थी।



**श्रीमती शीला जैन-** सिहोरा, नवीन कन्या शाला ज्वालामुखी वार्ड क्रमांक 2 निवासी श्रीमती शीला जैन का 84 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था अंतिम संस्कार कुर्रे रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया।वे मीसा बंदी स्वर्गीय डॉ निर्मल चंद जैन की धर्मपत्नी एंव संजय,अज्जू-मुट्टू, गोलू जैन की माता थी।

**श्री गिरेंद्र कपूर-** कृष्णा हाइट्स गौरीघाट रोड निवासी श्री गिरेंद्र कपूर (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती अनीता शर्मा-** न्यू कंचनपुर अधारताल निवासी श्री अर्जुन शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती अनीता शर्मा (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अजय चौधरी-** संजय नगर पोलीपाथर गौरीघाट रोड निवासी श्री चंद्रभान चौधरी के पुत्र श्री अजय चौधरी (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम नारायण जाट-** पूर्वी बेलबाग कंजड़ मोहल्ला निवासी श्री राम नारायण जाट (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मनोज सिंह-** न्यू कॉलोनी चेरीताल निवासी श्री गंगाशरण सिंह के पुत्र श्री मनोज सिंह (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेश बंशकार-** प्रेमसागर निवासी श्री होरी लाल बंशकार के पुत्र श्री राजेश बंशकार का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नरेश चंद्र शर्मा-** सुहागी सरस्वती स्कूल के पास निवासी नरेश चंद्र शर्मा (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सोहन दुबे-** छुई मोहल्ला बेलबाग निवासी श्री उमा शंकर दुबे के पुत्र श्री सोहन दुबे (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री दीपक सोनी-** हजारीबाग झारखंड निवासी श्री दीपक सोनी (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रोशन ठाकुर-** अम्बेडकर कॉलोनी शांति नगर निवासी श्री रोशन ठाकुर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राम टहल यादव-** नर्मदा नगर चितरंजन वार्ड निवासी श्री राम टहल यादव (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती आशा जगताप-** शुक्ला नगर गढ़ा निवासी श्रव्वी महादेव राव जगताप की धर्मपत्नी श्रीमती आशा जगताप (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती केसर बाई रैकवार-** बड़ा पत्थर रांझी निवासी श्री छोटे लाल रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती केसर बाई रैकवार (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेश सक्सेना-** शिवनगर गुलौआ गढ़ा निवासी श्री राजेश सक्सेना (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री परमार सिंह मालवीय-** राइट टाउन केशव कुटि के पास निवासी श्री परमार सिंह मालवीय (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रेम लाल रजक-** सीओडी कॉलोनी सुहागी निवासी श्री प्रेम लाल रजक (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती ममता पांडे-** गोरखपुर आजाद चौक राम मंदिर के पास निवासी श्री मायाराम पांडे की धर्मपत्नी श्रीमती ममता पांडे (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मनोज सिंह-** समदडिया रेसिडेंसी शताब्दीपुरम उखरी निवासी अजय सिंह ठाकुर के जीजाजी श्री मनोज सिंह का निधन हो गया अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

# एसएसए कालेज में हुई पर्यटन क्षेत्र पर मॉडल प्रतियोगिता

**सिहोरा।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा में भारतीय युवा पर्यटन क्लब के अंतर्गत भारतीय पर्यटन क्षेत्र को प्रमोट करने के उद्देश्य से महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मनोज श्रीवास्तव की अध्यक्षता में भारतीय पर्यटन क्षेत्र पर मॉडल प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजक समिति के अंतर्गत डॉ अर्चना नामदेव संकाय समन्वयक युवा पर्यटन क्लब,रेशु कुशवाहा,सार्थक मिश्रा,सीबी मिश्रा,रवि बाबू आदि रहे। डॉ नीता तिवारी एवं डॉ अंजली मांडवे द्वारा निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई गई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों द्वारा भारत के विभिन्न पर्यटन क्षेत्र को मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया गया एवं अयोध्या का राम मंदिर, कुंडलपुर पर्यटन क्षेत्र,हनुमान मंदिर,भेड़ाघाट जलप्रपात,धुंआधार, केदारनाथ मंदिर एवं इंडिया गेट की सुंदर कलाकृतियां निर्मित की गई । प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अल्फिया नाज, द्वितीय स्थान पर दीपक सिंह बीए.द्वितीय वर्ष रहे। तृतीय स्थान वीरेंद्र चौधरी.बी.ए. द्वितीय वर्ष ने अर्जित किया। प्रतियोगिता में अनामिका कोरी, उपासना लोधी,पलक काछी एवं अन्य विद्यार्थियों द्वारा भी सुंदर मॉडल प्रस्तुत किए गए।



### लमकना खेल मैदान में सुहजनी एवं ओम साई राम के बीच फाइनल आज

**सिहोरा।** खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वर्गीय विजय विश्नोई की स्मृति में लमकना क्रिकेट मैदान में विगत दिनों से जारी डायमंड विधायक कप क्रिकेट का फाइनल मैच आज रविवार को खेला जायेगा। क्रिकेट मैच संयोजक बलराम पटेल,ब्रजेश पेटल,विपिन पांडे ने बताया फाइनल मैच सुहजनी एंव ओम साई राम लमकना के बीच दोपहर 12 बजे से खेला जायेगा तथा समापन समारोह एंव पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन पाटन विधायक अजय विश्नोई के मुख्य आतिथ्य एंव जनपद पंचायत मझौली अध्यक्ष श्रीमती विद्या दिनेश चौरसिया के विशिष्ट आतिथ्य में किया जायेगा।



# अहा बिरज में होली रे रसिया

*श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा में होली का भव्य उत्सव शुरू हो चुका है। शनिवार को द्वारिकाधीश मंदिर से इस उत्सव का शुभारंभ हुआ, जो पूरे मार्च तक चलेगा। ब्रज की होली पूरे विश्व में प्रसिद्ध है और इसे देखने के लिए देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु यहां आते हैं।ब्रज की होली केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि पूरे महीने तक मनाया जाता है।*

# द्वारकाधीश मंदिर से शुरुआत, 8 को होगी लट्ठमार होली

एजेंसी ▶▶ वृंदावन

श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा में होली का भव्य उत्सव की शुरुआत हो चुकी है। शनिवार को द्वारिकाधीश मंदिर से इस उत्सव का शुभारंभ हुआ, जो पूरे मार्च तक चलेगा। ब्रज की होली पूरे विश्व में प्रसिद्ध है और इसे देखने के लिए देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु यहां आते हैं। ब्रज की होली केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि पूरे महीने तक मनाया जाता है। बारसाना, नंदगांव और वृंदावन की होली अपने अनोखे अंदाज के लिए जानी जाती है। लट्ठमार होली से लेकर फूलों और टेसू के रंगों तक, हर जगह होली का अलग-अलग रंग देखने को मिलता है।

## ब्रज की होली का ऐतिहासिक महत्व

होली का पर्व वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक माना जाता है और ब्रज में इसे खास तौर पर श्रीकृष्ण-राधा की प्रेम लीला से जोड़ा जाता है। बरसाना की प्रसिद्ध लट्ठमार होली, जहां महिलाएं पुरुषों को लाठियों से मारती हैं, इस पर्व का मुख्य आकर्षण होती है।मथुरा-वृंदावन के अलावा गोकुल, नंदगांव और बलदेव में भी होली बेहद धूमधाम से मनाई जाती है। इस उत्सव में हर साल लाखों की संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक शामिल होते हैं।

### देश-विदेश से श्रद्धालुओं का जमावड़ा होगा

हर साल ब्रज की होली को देखने के लिए दुनियाभर से लाखों लोग मथुरा-वृंदावन आते हैं। इस बार भी बड़ी संख्या में पर्यटकों के आने की उम्मीद है। प्रशासन ने भी सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं, ताकि किसी प्रकार की परेशानी न हो।



### 7 को फाग आमंत्रण उत्सव आयोजित

*नंदगांव में फाग आमंत्रण उत्सव 7 मार्च को आयोजित होगा, जिसमें होली खेलने के लिए सखियों को बुलाने की परंपरा निभाई जाती है। इसी दिन बरसाना के श्रीराधारानी मंदिर में लट्ठ मार होली खेली जाएगी। 8 मार्च को बरसाना में प्रसिद्ध लट्ठमार होली खेली जाएगी, जहां महिलाएं पुरुषों पर लाठियों से प्रहार करेंगी और पुरुष इसे ढाल से बचाने का प्रयास करेंगे। इस वर्ष होली का मुख्य पर्व 14 मार्च को मनाया जाएगा, लेकिन इससे पहले ही ब्रज के विभिन्न स्थानों पर होली का आनंद लिया जा सकता है।*

## खबर संक्षेप

### तुहिनकांत ने सेबी चेयरमैन का कार्यभार संभाला



**मुंबई।** तुहिन कांत पांडेय ने शनिवार को पूंजी बाजार नियामक सेबी के 11वें चेयरमैन के रूप में कार्यभार संभाल लिया। अब तक वित्त सचिव के रूप में कार्य कर रहे एक नौकरशाह पांडेय को गुरुवार को सरकार ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) का चेयरमैन नियुक्त किया। उन्होंने माधबी पुरी बुच की जगह ली।

### भाजपा ने अब स्वास्थ्य पर आप सरकार को घेरा



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में पेश की गई सीएजी रिपोर्ट को लेकर दिल्ली में सियासी घमासान जारी है। भाजपा और आप आमने सामने है। कैग की रिपोर्ट पर भाजपा-आप वार पलटवार जारी है।भाजपा नेता आरपी सिंह ने कहा कि मेडिकल स्टाफ, इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी है। बुनियादी चीजें भी नहीं हैं, मोहल्ला क्लीनिक और डिस्पेंसरी में थर्मामीटर भी नहीं हैं।

### बंगाल में तृणमूल ने शुरू किया सत्यापन अभियान



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा पर पश्चिम बंगाल में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट में हेराफेरी करने का आरोप लगाया है। नेताओं ने शनिवार को वोटर लिस्ट के सत्यापन यानी कि वेरिफिकेशन के लिए घर-घर जाकर कैंपेन शुरू किया। मेयर फिरहाद हकीम ने चेतला इलाके में खुद मतदाता सूची सत्यापन अभियान चलाया।

### तरनतारन में परिवार के 5 लोगों की मौत



**तरनतारन।** तरनतारन के पंडोरी गोला गांव में मकान की छत गिरने से परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई। हादसे में मरने वालों में पति-पत्नी और उनके 3 बच्चे शामिल हैं। शुक्रवार रात जिस वक्त घर की छत गिरी, उस वक्त परिवार सो रहा था। मृतक के परिजनों ने मीडिया से कहा कि हादसा छत गिरने के कारण हुआ। जिसमें घर के 5 सदस्यों की मौत हो गई है।

### चलती बस के आगे गिरा एचटी तार, एक की मौत



**शिमला।** कालका-शिमला नेशनल हाईवे पांच पर परवाणू में पथ परिवहन निगम की चलती बस के आगे अर्थिंग वायर गिर गई। तार गिरने से अगले दोनों टायर फट गए। बस को रोककर जैसे ही ड्राइवर समेत एक अन्य व्यक्ति बाहर निकले तो अचानक उन्हें भी झटका लग गया। इसमें से एक तार की चपेट में आ गया। तार से झुलसने से व्यक्ति की मौत हो गई।

---

**बजट के दृष्टिकोण को कार्रवाई योग्य परिणामों में बदलना होगा**

## कृषि एवं ग्रामीण समृद्धि पर पीएम मोदी ने वेबिनार को किया संबोधित

# दलहन का उत्पादन, कृषि क्षेत्र का विकास गांवों की समृद्धि को बढ़ाएं, हर किसान लाभान्वित हो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



**नीतियों को प्रभावी तरीके से लागू करें**



पीएम नरेंद्र मोदी शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'कृषि एवं ग्रामीण समृद्धि' पर बजट पश्चात वेबिनारको संबोधित किया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि यह तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट था। यह हमारी नीतियों में निरंतरता को दर्शाता है। विकसित भारत के विजन को एक नया विस्तार भी दिखता है। बजट से पहले आप सभी हितधारकों द्वारा दिए गए इनपुट और सुझाव, बजट तैयार करते समय बहुत उपयोगी रहे।

अब इस बजट को और अधिक प्रभावी तरीके से लागू करने में, इसके परिणाम जल्द से जल्द प्राप्त करने में और सभी नीतियों को प्रभावी बनाने में, आपकी भूमिका और बढ़ गई है। इसका उद्देश्य इस वर्ष की बजट घोषणाओं के प्रभावी कार्यान्वयन की रणनीति बनाने पर केंद्रित चर्चा के लिए प्रमुख हितधारकों को एक साथ लाना है। कृषि विकास और ग्रामीण समृद्धि पर जोर देते हुए कहा कि यह सत्र बजट के दृष्टिकोण को कार्रवाई योग्य परिणामों में बदलने के लिए सहयोग को बढ़ावा देगा। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे प्रयासों से देश में दालों का उत्पादन बढ़ा है।

## प्रत्येक किसान को आगे बढ़ाना होगा

वेबिनार निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों, उद्योग प्रतिनिधियों और विषय वस्तु विशेषज्ञों को शामिल किया ताकि प्रयासों को संरेखित किया जा सके और प्रभावी कार्यान्वयन को आगे बढ़ाया जा सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत की ओर बढ़ने का भारत का संकल्प बहुत स्पष्ट है, हम सब मिलकर एक ऐसे भारत के निर्माण की दिशा में काम कर रहे हैं जहां किसान समृद्ध और सशक्त हों। हमारा प्रयास है कि कोई भी किसान पीछे न छूटे। हर किसान को आगे बढ़ाना है। हमने कृषि को विकास का पहला इंजन मानकर अपने अन्नदाताओं को गौरवपूर्ण सम्मान दिया है। हम कृषि क्षेत्र के विकास और गांवों की समृद्धि की ओर बढ़ रहे हैं।

### उन्नत बीजों की आपूर्ति बनी रहे

पीएम मोदी ने कहा कि अभी भी हमारी घरेलू खपत का 20 फीसदी विदेशों से आयात पर निर्भर है, जिसका मतलब है कि हमें अपना दलहन उत्पादन बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि दलहन उत्पादन में तेजी लाने के लिए जरूरी है कि उन्नत बीजों की आपूर्ति बनी रहे और संकर किस्मों(दो अलग-अलग वंशों के बीच प्रजनन से बनी नई प्रजाति होती है। संकर किस्मों को हाइब्रिड भी कहा जाता है।) को बढ़ावा दिया जाए। इसके लिए आप सभी को जलवायु परिवर्तन, बाजार की अनिश्चितता और कीमतों में उतार-चढ़ाव जैसी चुनौतियों के समाधान पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

## संगीत महोत्सव को भव्य उत्सव बताया

पीएम मोदी ने नई दिल्ली में जहान-ए-खुसरो महोत्सव में अपनी भागीदारी के अनुभव साझा किए। यह महोत्सव सूफी संगीत और संस्कृति का एक भव्य उत्सव है जो इस साल अपनी 25वीं वर्षगांठ मना रहा है। सुंदर नर्सरी में यह महोत्सव 2 मार्च को समाप्त होगा। पीएम मोदी ने कहा कि जहान-ए-खुसरो लोगों के दिलों में जगह बना रहा है। उन्होंने रमजान की शुभकामनाएं दीं। आगा खान के योगदान की सराहना की। अमीर खुसरो की विरासत की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने भारत को सभी बड़े देशों से महान बताया था।

### एनबीडब्ल्यूएल बैठक की करेंगे अध्यक्षता, फिर 'वनतारा' जाएंगे

**अहमदाबाद।** पीएम मोदी शनिवार से गुजरात के 3 दिनी दौरे पर रहेंगे। वे जूनागढ़ के सासन में राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। वे रविवार को जामनगर स्थित पशु देखभाल केंद्र वनतारा का भी दौरा करेंगे और अगले दिन जंगल सफारी का आनंद लेंगे। पीएम मोदी प्रवास के दौरान विश्व प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर का प्रबंधन करने वाले श्री सोमनाथ ट्रस्ट की एक बैठक की अध्यक्षता भी करेंगे।

## एनएक्सटी कॉन्क्लेव में बोले

### आज भारत दुनिया में अपनी विशेष 'छाप' छोड़ रहा

*पीएम मोदी ने शनिवार को एनएक्सटी कॉन्क्लेव 2025 में भारत की बढ़ती वैश्विक पहचान और आयोजन क्षमता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत में हर दिन नई उपलब्धियां हासिल हो रही हैं। पीएम ने कहा आज पूरी दुनिया भारत को जानना चाहती है। भारत हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है और आर्थिक, सांस्कृतिक और तकनीकी रूप से दुनिया में अपनी अलग पहचान बना रहा है। उन्होंने इस बात पर गर्व व्यक्त किया कि भारत दुनिया में सकारात्मक खबरों का केंद्र बन गया है। इस दौरान उन्होंने हाल ही में संपन्न महाकुंभ 2025 का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि दुनिया इस भव्य आयोजन से आश्चर्यचकित है कि करोड़ों लोग एक साथ अस्थायी शहर में आकर पवित्र नदी में स्नान करते हैं। इस दौरान 66 करोड़ 21 लाख श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में स्नान किया। पीएम मोदी ने कहा कि यह आयोजन दुनिया को भारत की आयोजन क्षमता से परिचित कराता है।*

### अगला एआई समिट भारत में होगा

*पीएम मोदी ने भारत की वैश्विक भूमिका को भी उजागर किया। उन्होंने कहा किउन्हें फ्रांस में एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) समिट में शामिल होने का अवसर मिला जहां भारत सह-आयोजक था। उन्होंने घोषणा की कि अब अगला एआई समिट भारत में आयोजित होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत एआई और अन्य नई तकनीकों के माध्यम से करोड़ों लोगों का जीवन सुधार सकता है।*

---

## दिल्ली सरकार के मंत्री सिरसा बोले

# 1 अप्रैल से 15 साल पुराने वाहनों को नहीं मिलेगा पेट्रोल-डीजल



- *दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण को लेकर सरकार ने बैठक में की चर्चा*
- *क्लाउड सीडिंग को लेकर भी जरूरी अनुमति लेगी दिल्ली सरकार*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में 15 साल पुराने वाहनों को लेकर दिल्ली सरकार ने बड़ी घोषणा की है। सरकार ने ऐसे वाहनों को अब पेट्रोल पंप पर तेल नहीं देने की बात कही है।

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि दिल्ली में 31 मार्च के बाद पेट्रोल पंपों पर 15 साल से पुराने वाहनों को फ्यूल नहीं दिया जाएगा। दिल्ली में प्रदूषण पर नकेल कसने के लिए पहले ही 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों पर रोक लगी हुई है। अब सरकार ने एंटी स्मॉग गन लगवाने और क्लाउड सीडिंग पर भी अहम फैसला किया है।

### अनिवार्य होगा एंटी-स्मॉग गन

*सिरसा ने कहा कि दिल्ली में कुछ बड़े होटल हैं, कुछ बड़े ऑफिस कॉम्प्लेक्स हैं, दिल्ली एयरपोर्ट है, बड़ी कंस्ट्रक्शन साइट्स हैं। हम इन सबके लिए तुरंत एंटी-स्मॉग गन लगाना अनिवार्य करने जा रहे हैं ताकि प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके। हम दिल्ली की सभी ऊंची इमारतों के लिए स्मॉग गन लगाना अनिवार्य करने जा रहे हैं। हम दिल्ली के सभी होटलों के लिए स्मॉग गन लगाना अनिवार्य करने जा रहे हैं।*

### क्लाउड सीडिंग की अनुमति लेंगे

*सिरसा ने कहा कि इसी तरह हम सभी कमर्शियल कॉम्प्लेक्स के लिए इसे अनिवार्य करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने आज फैसला किया है कि क्लाउड सीडिंग के लिए हमें जो भी अनुमति चाहिए, हम लेंगे और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि जब दिल्ली में गंभीर प्रदूषण हो, तो क्लाउड सीडिंग के जरिए बारिश कराई जा सके और प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके।*

### पेट्रोलियम मंत्रालय को भी किया जाएगा सूचित

बैठक के बाद सिरसा ने कहा कि हम पेट्रोल पंपों पर ऐसे गैजेट लगा रहे हैं जो 15 साल से अधिक पुराने वाहनों की पहचान करेंगे और उन्हें कोई ईंधन उपलब्ध नहीं कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार इस फैसले के बारे में केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय को सूचित करेगी। पुराने वाहनों के लिए ईंधन की आपूर्ति को प्रतिबंधित करने के अलावा, सिरसा ने घोषणा की कि राजधानी में सभी ऊंची इमारतों, होटलों और वाणिज्यिक परिसरों में वायु प्रदूषण के स्तर को रोकने के लिए एंटी-स्मॉग गन स्थापित की जानी चाहिए।

---

## स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने 'जन औषधि रथ' को दिखाई हरी झंडी

*विभिन्न इलाकों में घूमेगा रथ , लोगों को देगा स्वास्थ्य की जानकारी*

*जन औषधि सप्ताह की शुरुआत के साथ ही बताया इसका उद्देश्य*

# किफायती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं लोगों तक आसानी से पहुंचेंगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शनिवार को 'जन औषधि रथ' को हरी झंडी दिखाकर 'जन औषधि सप्ताह' (1 मार्च से 7 मार्च) की शुरुआत की। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना का हिस्सा है। इसका उद्देश्य सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं लोगों तक पहुंचाना है।

इस कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल भी शामिल रहीं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने बताया कि 'जन औषधि रथ' दिल्ली-एनसीआर में विभिन्न इलाकों में घूमेगा और लोगों को जन औषधि केंद्रों के लाभों के बारे में जानकारी देगा। यह जन औषधि केंद्र कम कीमतों पर जेनरिक दवाएं उपलब्ध कराते हैं जिससे आम लोगों का इलाज किफायती हो सके



### लोगों में जागरुकता बढ़ाई जाएगी: मंत्री अनुप्रिया

वहीं केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि जन औषधि सप्ताह के दौरान कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि लोगों में इसकी जागरूकता बढ़े। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत दवाओं के दाम भी कम किए जा रहे हैं, जिससे लोगों का खर्च कम हो।

### 1 रुपए में सैनिटरी पैड उपलब्ध होंगे

उन्होंने कहा कि हम 1 से 7 मार्च तक 'जन औषधि-जन चेतना' सप्ताह मना रहे हैं। इस दौरान कई कार्यक्रम होंगे ताकि लोग जन औषधि केंद्रों और सस्ती दवाओं के बारे में जान सकें। हम दवाओं के लिए सस्ते विकल्प दे रहे हैं ताकि लोगों की दवा पर होने वाली खर्च को कम किया जा सके। अनुप्रिया पटेल ने यह भी बताया कि महिलाओं को सिर्फ 1 रुपए में सैनिटरी पैड उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे महिलाओं में मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि अधिक से अधिक महिलाएं इस सुविधा का लाभ उठाएंगी।

---

## देश के कई राज्यों में मौसम का मिजाज बदला

**आईएमडी ने जारी किया अलर्ट**

# कई जिलों में तेज बारिश और ओले गिरने से सूर्य देव नहीं दिखे, तापमान में आई गिरावट

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

चढ़ते फागुन में बादलों ने आसमान में डेरा डाल दिया है। धूप पर पहरा लगाकर गर्मी के चढ़ते तेवर को ठहरा दिया है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम का मिजाज बदल चुका है। हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड की वर्षा ने यूपी के मौसम पर भी अपना असर छोड़ा है।

शुक्रवार को पूरे दिन खुलकर धूप नहीं निकल सकी। अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विज्ञानी कैलाश पांडेय के अनुसार 2 दिन तक आसमान में छिटपुट बादल जमे रहेंगे। पश्चिमी यूपी में जोरदार बारिश होगी। नोएडा, मेरठ, गाजियाबाद व आसपास के जिलों में गरज-चमक के साथ तेज बारिश हुई। ओले गिरने से ठंड बढ़ गई है।

### सामान्य से कम रहा तापमान



धूप की लाचारी से अधिकतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस तक ही सिमट गया। यह सामान्य से कम रिकॉर्ड हुआ। न्यूनतम तापमान पर मौसम के बदलाव का ठीक विपरीत प्रभाव पड़ा। यह बीते दिन के मुकाबले करीब चार डिग्री चढ़ गया।

### पंजाब में भी सड़कें हो गईं 'सफेद'

**अमृतसर।** पंजाब में मौसम का मिजाज बदल गया है। बारिश की वजह से ठंडक फिर से लौट आई है। अमृतसर में शुक्रवार देर शाम को जोरदार ओले गिरे। इससे राजासांसी विधानसभा क्षेत्र की सड़कें सफेद बर्फ ओलो से ढंक गईं। सड़कों पर बर्फ की मोटी परत जम गई।

---

## पार्टी नेता राउत ने कहा

# महाराष्ट्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष पद पर दावा ठोकेगी शिवसेना यूबीटी

एजेंसी ▶▶ मुंबई



महाराष्ट्र की राजनीति से जुड़े अहम घटनाक्रम में शिवसेना यूबीटी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के पद पर दावा ठोकने की तैयारी कर रही है। शिवसेना यूबीटी के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने कहा है कि उनकी पार्टी 10 फीसदी सीटों के अभाव में भी नेता प्रतिपक्ष पद पर दावा करेगी। उन्होंने कह कि अतीत में भी विपक्षी दलों के नेताओं को नेता प्रतिपक्ष पद दिया जा चुका है। भले ही शिवसेना यूबीटी के विधायकों की संख्या काफी कम है, संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि सदन की कार्यवाही नेता प्रतिपक्ष के बिना नहीं चलाई जा सकती। राउत ने कहा कि यूबीटी के विधायकों की संख्या 20 है। यह अहम है क्योंकि कांग्रेस नेताओं ने पहले कहा था कि अगर शिवसेना विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के पद पर दावा करती है तो वह विधान परिषद में भी इसी पद की मांग करेगी।

---

## वैष्णव ने अहमदाबाद में हाई-स्पीड रेल परियोजना का किया निरीक्षण

# बुलेट ट्रेन का निरीक्षण कर प्रगति की सराहना की

- *श्रमिकों के बीच पहुंचे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, सेल्फी भी ली*
- *350 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार, 360 किलोमीटर का काम करीब पूरा, 1100 टन से अधिक वजनी पुल, 508 किलोमीटर परियोजना की कुल दूरी*

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को अहमदाबाद में राष्ट्रीय हाई-स्पीड रेल परियोजना का निरीक्षण किया। रेल मंत्री ने एनएच 48 पर स्टील ब्रिज की स्थापना स्थल का भी दौरा किया, जो परियोजना का एक प्रमुख अवयव है।

इसके साथ ही अहमदाबाद रेलवे स्टेशन पुनर्विकास परियोजना का निरीक्षण किया और कहा कि महाराष्ट्र खंड ने महत्वपूर्ण प्रगति की है। उन्होंने कार्य की प्रगति की सराहना भी की।



### इन स्टेशनों के बीच दौड़ेगी बुलेट ट्रेन

*इसे मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के नाम से जाना जाता है. जिसकी दूरी 508 किलोमीटर है। इस परियोजना में गुजरात (352 किमी) और महाराष्ट्र (156 किमी) शामिल हैं, जिसमें मुंबई, ठाणे, विरार, बोईसर, वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच, वडोदरा, आणंद/नडियाद, अहमदाबाद और साबरमती में कुल 12 स्टेशनों की योजना बनाई गई है।*

### 350 किलो मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ेगी बुलेट ट्रेन

*वैष्णव ने कहा कि 360 किलोमीटर का काम करीब पूरा हो चुका है। जब 350 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेन चलेगी, तो उसके चारों ओर प्रेशर का वातावरण तैयार होगा। स्टेशन पर जो दो लाइन बनेगी, तो ट्रेन की स्पीड को ध्यान में रखकर स्टेशन के रूफ को विशेष तरीके से डिजाइन किए जा रहे हैं। हर चीज का विशेष ध्यान रखा जा है। स्टेशन, ट्रैक, टनल में अच्छे और तेजी से काम चल रहे हैं। वैष्णव ने बताया कि बुलेट ट्रेन परियोजनाओं में कई जगहों पर किसी न किसी तरह का अनूठा निर्माण हो रहा है। यह पुल 1100 टन से अधिक वजन का है। इसके कई विशेष अवयव भारत में निर्मित हैं। यहां काम करने वाली टीम पुल निर्माण की विशेषज्ञ है। यह वही टीम है जिसने अंजी और चिनाब पुलों पर काम किया है।*

## खबर संक्षेप



### पीसीसी में 'यंग इंडिया के बोल' का आयोजन

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस कार्यालय भोपाल में भारतीय युवा कांग्रेस के मुख्य कार्यक्रम यंग इंडिया के बोल सीजन 5 की फाइनल प्रतियोगिता रखी गई। ज्यूरी ने प्रदेश भर से आए युवाओं में से पांच युवाओं को चयनित कर भविष्य में युवा कांग्रेस के पटना में होने वाले राष्ट्रीय कंपटीशन के लिए चयनित किया। मीडिया चेयरमैन युवा कांग्रेस अभियान शुक्ला ने बताया कि प्रोग्राम को 3 श्रेणी में रखा गया था। मप्र युवा कांग्रेस के यंग इंडिया के बोल फाइनल कार्यक्रम में जूरी के रूप में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक, माखनलाल चतुर्वेदी के पूर्व वाइस चांसलर दीपक तिवारी, महिला प्रेस क्लब की अध्यक्ष दीप्ति चौरसिया उपस्थिति रही। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी, अभिनव बरोलिया भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव मप्र प्रभारी शेषनारायण ओझा आदि मौजूद रहे।

### कोरोना वैक्सीन से हो रही युवाओं की मौतः डॉ. मनोज

**भोपाल।** कम उम्र में कोरोना वैक्सीन से प्रदेश के युवाओं की मौत हो रही है। जिस पर सरकार स्पष्ट जवाब नहीं दे रही है। हाल के महीनों में युवाओं में बढ़ते हार्ट अटैक के मामलों ने गंभीर चिंता पैदा कर दी है, लेकिन सरकार इन पर ठोस जवाब देने के बजाय चुप्पी साधे बैठी है। यह आरोप शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव ने पत्रकारवार्ता में लगाए। यादव ने कहा कि क्या यह सरकार की लापरवाही नहीं कि वैक्सीन के प्रभावों की समुचित निगरानी नहीं की गई? प्रदेशाध्यक्ष ने बताया कि संगठन को मजबूत करने एक मार्च से प्रदेश के सभी जिलों में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। सदस्यता अभियान में दो लाख लोगों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही सभी संभागों में प्रशिक्षण शिविर का भी आयोजन किया जाएगा।

### किराया नहीं दिया, आप के ऑफिस पर जड़ा ताला

**भोपाल।** आम आदमी पार्टी का दिल्ली में विधानसभा चुनाव हारने का असर अब मध्यप्रदेश में भी देखने को मिल रहा है। राजधानी में आम आदमी पार्टी के कार्यालय में मकान मालिक ने ताला जड़ दिया। बताया जा रहा है कि पार्टी मकान का किराया नहीं दे रही थी। बता दें कि आम आदमी पार्टी का कार्यालय सुभाष नगर में स्थित है। जानकारी के मुताबिक दो महीने से किराया नहीं चुकाया गया है। 50 से 60 हजार रुपए किराया नहीं चुकाने की बात सामने आई है। ताला लगाने वजह यह सामने आई है कि कहीं रात के अंधेरे में कार्यकर्ता सामान न निकाल ले जाएं, इसलिए दीवार के पास पोकलेन मशीन भी लगा दी गई है। पूरे मामले में आम आदमी पार्टी की प्रदेशाध्यक्ष रीना अग्रवाल ने बताया कि मुझे इस बात की जानकारी नहीं है कि कार्यालय में ताला लगाया गया है। इधर जिलाध्यक्ष का कहना है कि हमारा कार्यालय नरेला शंकरी मोड़ पर है। ऐसी जानकारी मेरे पास नहीं है।

## एनएचएम की नवीन संविदा नीति-2025 से चिकित्सा कार्मिकों को होगा फायदा

# अब कर्मचारियों को हर साल अनुबंध के नवीनीकरण की नहीं होगी जरूरत, सीपीआई के आधार पर नियमित वेतनवृद्धि का मिलेगा लाभ

- गर्भवती महिलाओं को नियुक्ति के समय प्रसव के छह सप्ताह बाद कार्यभार ग्रहण करने की अनुमति
- 32 हजार से अधिक संविदा कर्मचारी होंगे लाभान्वित
- वेतन वृद्धि, मातृत्व और पितृत्व अवकाश, सेवा सुरक्षा के प्रावधान नवीन नीति में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की नई संविदा कर्मचारी नीति-2025 जारी की गई है। इससे स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में स्थायित्व आएगा और कर्मचारियों को बेहतर वातावरण मिलेगा। इस नीति का लाभ 32 हज़ार संविदा कर्मचारियों को मिलेगा और उनके परिवारों सहित लगभग 1.5 लाख लोग इससे लाभान्वित होंगे। यह निर्णय प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी और सुचारु बनाने में सहायक होगा।

### एनएचएम की नवीन नीति में कई सुविधाएं



अब कर्मचारियों को हर वर्ष अनुबंध के नवीनीकरण की आवश्यकता नहीं होगी। कर्मचारियों के कार्य प्रदर्शन के मूल्यांकन के लिए पारदर्शी और समयबद्ध वार्षिक सेवा आधारित रिपोर्टिंग प्रणाली लागू की गई है। कर्मचारियों की शिकायतों के निवारण के लिए एक अपीलीय अनुक्रम स्थापित किया गया है। संविदा कर्मचारियों की सेवा समाप्ति का अधिकार केवल मिशन संचालक एनएचएम के पास होगा और यह केवल प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन करने के बाद ही किया जा सकेगा।

### नवीन नीति में वेतनवृद्धि को भी एक सुव्यवस्थित ढांचे में लाया गया

नवीन नीति में वेतन वृद्धि को भी एक सुव्यवस्थित ढांचे में लाया गया है। अब उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आधार पर नियमित वेतन वृद्धि का लाभ मिलेगा। गर्भवती महिलाओं को नियुक्ति के समय प्रसव के छह सप्ताह बाद (सातवें सप्ताह से) कार्यभार ग्रहण करने की अनुमति दी जाएगी। मातृत्व अवकाश और पितृत्व अवकाश के प्रावधान भी संविदा कर्मचारियों के लिए लागू किए गए हैं।

### आकस्मिक परिस्थितियों में सहायता के लिए अनुकंपा नियुक्ति और एक्स-ग्रेशिया प्रावधान

मप्र में स्वास्थ्य सेवाओं की सुचारु व्यवस्था के लिए संविदा कर्मचारियों को अंतर-जिला स्थानांतरण की सुविधा प्रदान की गई है। जिला स्वास्थ्य समिति को जिले में स्थानांतरण का अधिकार दिया गया है। आकस्मिक परिस्थितियों में परिवार को सहायता प्रदान करने के लिए अनुकंपा नियुक्ति और एक्स-ग्रेशिया सहायता राशि के प्रावधान किए गए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग के नियमों के अनुसार विशेष अवकाश की सुविधा भी संविदा कर्मचारियों को प्रदान की जाएगी।

### यदि किसी कर्मचारी के खिलाफ जांच चल रही हो, तो उसे 50% वेतन

नवीन नीति में कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए यह भी प्रावधान किया गया है कि यदि किसी कर्मचारी के खिलाफ जांच चल रही हो, तो उसे 50% वेतन प्रदान किया जाएगा। स्थानांतरण प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए ऑनलाइन ट्रांसफर मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया गया है। साथ ही, वेतन असमानता की समस्या को दूर करते हुए सभी संविदा कर्मचारियों के लिए वेतन समानता सुनिश्चित की गई है।

## 2600 रुपए प्रति क्विंटल एमएसपी पर गेहूं उपार्जित करेगी सरकार

# मुख्यमंत्री ने कहा, बुंदेलखंड वीरों की धरती वीरों के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता

*सागर-दमोह रोड को फोर लेन बनाया जाएगा*

*सीएम गढ़ाकोटा में सांस्कृतिक रहस मेले व किसान सम्मेलन में हुए शामिल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सागर के गढ़ाकोटा में तीन दिवसीय सांस्कृतिक रहस मेले में आयोजित किसान महा सम्मेलन में कहा कि बुन्देलखंड वीरों की धरती है। वीरों के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने किसानों के लिए बड़ी सौगात देते हुए कहा कि सरकार अब किसान से 2600 रुपए प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदेगी। उन्होंने कहा कि सागर-दमोह रोड को फोरलेन बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने मंच से 5 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के हितलाभ भी वितरित किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सीमा पर जवान और खेत पर किसान को सम्मान देने का कार्य किया है। किसान की आय दोगुनी करने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि अगले कुछ वर्षों में बुंदेलखंड की लाखों हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। उन्होंने कहा कि किसान अपनी जमीन बचाकर रखें, उन्हें उनकी जमीन का पूरा लाभ मिलेगा और उनकी कृषि समृद्ध होगी। इस अवसर पर मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, सांसद लता वानखेड़े, विधायक व पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह सहित अन्य जन-प्रतिनिधि शामिल थे। मेला अध्यक्ष अभिषेक दीपू भार्गव ने मेले की विस्तार से जानकारी दी।

### डॉ. यादव ने हितग्राहियों को योजनाओं के हितलाभ किए वितरित



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विधायक एवं पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव के किए कार्यों का प्रभाव है कि काम के बल पर ही आज वो लगातार 9 बार से अपराजेय राजनेता बने हुए हैं। सरकार प्रदेश में बहनों को सरकारी नौकरी में 35 प्रतिशत आरक्षण दे रही है। उन्होंने कहा कि जहां सरकार बहनों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है, वहीं पूर्व मंत्री भार्गव ने 21 हजार से अधिक बेटियों की शादी कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी तक मैंने 9 रस ही देखे थे आज मैंने 10वां रस भी देख लिया। इस रहस मेला के आनंद में जो 10वां रस मिला है, वह अद्भुत है।

### चावल पर 2000 रुपए प्रति हेक्टेयर बोनस दिया जाएगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र सरकार इस वर्ष किसानों का गेहूं 2600 रुपए प्रति क्विंटल खरीदेगी और अगले वर्ष यह बढ़ाकर 2700 रुपए प्रति क्विंटल खरीदने का मैं वादा करता हूं। उन्होंने कहा कि चावल पर 2000 रुपए प्रति हेक्टेयर बोनस दिया जाएगा। पूर्व पीएम स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नदी जोड़ो अभियान के सपने को प्रधानमंत्री मोदी पूरा कर रहे हैं। इसमें केन-बेतबा लिंक परियोजना से बुंदेलखंड को लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है।

### फूड इंडस्ट्रीज लगाने वालों को सरकार देगी 40 फीसदी सब्सिडी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र सरकार ने फूड इंडस्ट्रीज लगाने वालों को सरकार 40 प्रतिशत सब्सिडी देगी। मप्र सरकार की ओर से संचालित लाड़ली बहना योजना, मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना जैसी सभी योजनाएं जारी रहेंगी। उन्होंने सागर के संपूर्ण विकास के लिए संकल्प लेते हुए कहा कि इसके लिए लगातार कार्य किया जा रहा है।

### तत्कालीन मुख्यमंत्री स्व. पटवा ने कहा था, इस मेले को और आगे बढ़ाएं

विधायक एवं पूर्व मंत्री भार्गव ने कहा रहस मेला 220 वर्ष पुराना मेला है। वर्ष 1990 में तत्कालीन मुख्यमंत्री स्व. सुंदरलाल पटवा ने कहा था कि इस मेले को और आगे बढ़ाएं। हमने पूर्व मुख्यमंत्री पटवा को मेले का पूरा इतिहास बताया, उन्होंने मेले को और समृद्ध बनाने के लिए निर्देशित किया था। पूर्व मंत्री भार्गव ने कहा कि विलुप्त हो रहे मेलों को आगे बढ़ाने का कार्य सरकार कर रही है।

## प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता से बन रहा संत रविदास महाराज का विशाल मंदिर

- मुख्यमंत्री ने बड़तूमा सागर में निर्माणाधीन संत रविदास मंदिर के निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बड़तूमा सागर में निर्माणाधीन संत रविदास मंदिर के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने सागर में संत रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने मंदिर निर्माण कार्य में लगे शिल्पियों की सराहना की।

मुख्यमंत्री ने संत रविदास मंदिर के मॉडल का अवलोकन कर विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संत रविदास मंदिर निर्माण पर आधारित चलचित्र (वीडियो प्रदर्शनी) को देखा। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति को परिष्कृत करने, सहेजने और सामाजिक समरसता में संतों की भूमिका से लोगों को परिचित कराने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता से संत रविदास मंदिर विशाल आकार में मूर्तरूप ले रहा है। उन्होंने कहा कि यह भव्य मंदिर और संग्रहालय आस्था के साथ-साथ देश-दुनिया के लोगों को भारत की महान संत परम्परा की विचारधारा और संतशिरोमणि रविदास महाराज के जीवन से परिचित कराने वाला अद्भुत केंद्र बनेगा।

### मंदिर का लाल पत्थर से नागर शैली में निर्माण

मप्र के प्राचीन महत्वपूर्ण शहर सागर में संत रविदास के जीवन मूल्य व विरासत को मंदिर संग्रहालय के माध्यम से देश-दुनिया में उजागर करने का प्रयास किया जा रहा है। संत रविदास के ईश्वर के प्रति समर्पण भाव से लोगों को परिचित कराना मंदिर संग्रहालय का केंद्र बिंदु बनेगा। बगैर आयरन के तैयार किए जा रहे 66 फीट ऊंचे संत रविदास मंदिर का लाल पत्थर से नागर शैली में निर्माण किया जा रहा है। मंदिर के गर्भगृह, अंतराल मंडप और अर्धमंडप का रोड से 5 फीट ऊंचा फाउंडेशन बनने के बाद नक्कासीदार पत्थरों के 72 पिलर लगाए गए हैं। इन पिलरों पर मंदिर का ऊपरी ढांचा खड़ा किया जाएगा। मंदिर के आसपास चार गैलरियों का निर्माण किया जा रहा है, जहां संत रविदास महाराज के जीवन को विस्तृत और आधुनिक संसाधनों की मदद से प्रस्तुत किया जाएगा। पुस्तकालय में संत रविदास की आध्यात्मिक व धार्मिक पुस्तकों को संग्रहित किया जाएगा।

## अठावले ने की सीएम से भेंट



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से शुक्रवार की शाम समत्व भवन में केंद्रीय सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास अठावले ने भेंट की।

## वनों से संबंधित प्रस्तावित नीति विचारोपरांत ही लागू होगी

- आदिवासियों के जल, जंगल, जमीन के अधिकारों की रक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता
- मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित नीति के संबंध में प्रतिनिधिमंडल को किया आश्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से हाई पॉवर पेसा एवं वनाधिकार टास्क फोर्स ने शुक्रवार को भेंट की। मुख्यमंत्री को निजी निवेश से वनों के उत्थान नीति के प्रस्ताव पर व्याप्त भ्रम से समिति के अध्यक्ष ने अवगत करवाया।

मुख्यमंत्री ने वनवासी कल्याण परिषद के प्रतिनिधि मंडल एवं हाई पॉवर टास्क फोर्स के सदस्यों से पेसा कानून एवं वनाधिकार कानून के आलोक में आदिवासियों के हितों की रक्षा करते हुए वन निवासी और जनजातीय समुदाय के सहयोग से, वनों को सुधारने के लिए सभी स्टेक होल्डर के साथ मिलकर नई नीति पर सभी पहलुओं पर मंथन करते हुए नई नीति प्रस्तावित करने के निर्देश वन विभाग के अधिकारियों को दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी सदस्यों से चर्चा की और आदिवासी समाज के लोगों से भ्रमित न होने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासियों के जल, जंगल, जमीन, संस्कृति के अधिकारों की रक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में गिरीश कुबेर, राष्ट्रीय कैंपा सदस्य व टास्क फोर्स विशेष आमंत्रित सदस्य, सुभाष बड़ोले सह क्षेत्र संगठन मंत्री वनवासी कल्याण परिषद भोपाल, कालू सिंह मुजाल्दा आदिवासी मंत्रणा परिषद सदस्य आदि शामिल रहे।

### प्रमुख सचिव संजय कुमार शुक्ला एसीएस के पद पर हुए पदोन्नत

**भोपाल।** राज्य सरकार ने अपर मुख्य सचिव (एसीएस) केसरी के सेवानिवृत्त होने के बाद नगरीय प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव संजय कुमार शुक्ला को पदोन्नत करते हुए उन्हें अपर मुख्य सचिव के पद पर पदस्थ किया है। उनके पास के संबंधित विभाग यथावत रहेंगे।

### मनीष शंकर शर्मा बने स्पेशल डीजी

राज्य सरकार ने 2 आईपीएस अफसरों को स्पेशल डीजी के तौर पर पदोन्नत किया है। गृह विभाग से जारी आदेश के मुताबिक एडीजी सीआईडी पवन कुमार श्रीवास्तव को स्पेशल डीजी सीआईडी ओर एडीजी रेल मनीष शंकर शर्मा को स्पेशल डीजी रेल के तौर पर पदोन्नत किया गया है।

## सुकमा जिले के किस्टाराम की घटना

# पुलिस-नक्सलियों में मुठभेड़ 2 नक्सली ढेर, हथियार बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबदलपुर



**रुक-रुक कर गोलीबारी जारी, तलाशी अभियान**

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के किस्टाराम में शनिवार की सुबह पुलिस व जवानों के बीच मुठभेड़ हो गई। नक्सली और जवानों के बीच रुक रुककर गोलीबारी चल रही है। घटना को देखते हुए इलाके में सर्चिंग शुरू कर दिया गया है। पुलिस के मुताबिक, 2 नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं, हथियार भी बरामद हुए हैं।

तलाशी अभियान जारी है। बताया जा रहा है कि नक्सलियों के लीडर की सूचना पर पुलिस टीम को भेजा गया था। किस्टाराम क्षेत्र में नक्सलियों की सूचना पर निकली डीआरजी और कोबरा की संयुक्त पुलिस पार्टी का नक्सलियों से आमना-सामना हो गया। जिसके बाद गोलीबारी शुरू हो गई। रुक-रुककर अब भी मुठभेड़ जारी है। मुठभेड़ स्थल और आसपास सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

## रायपुर मेयर मीनल चौबे के बेटे सहित दो अन्य पकड़ाए

# सड़क पर केक काटने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में मेयर मीनल चौबे के बेटे ने सड़क पर केक काटकर जन्मदिन मनाया। इस मामले में अब उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के साथ उसके दो दोस्तों को भी गिरफ्तार किया गया है। मामले में पुलिस प्रतिबंधात्मक धाराओं में अलग से कार्रवाई कर रही है।

उल्लेखनीय है कि, रायपुर मेयर मीनल चौबे के बेटे मृणांक चौबे ने सड़क पर केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया था। इस मामले में पुलिस ने मृणांक चौबे और उसके दो दोस्त पिंटू चंदेल और मनोज गौतम को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। हालांकि, वीडियो सामने आने के



बाद अब मेयर मीनल चौबे ने माफी मांगी। उन्होंने कहा कि, मैंने वीडियो देखा जो मेरे घर के सामने का है। मेरे बेटे का जन्मदिन था, उसने सड़क पर केक काटा है। मैंने आज सुबह ही अखबार में पढ़ा कि, हाईकोर्ट ने सड़कों पर केक काटने से मना किया है। जो भी हुआ गलत हुआ है मैंने अपने बेटे को समझाइश दी है।

### *मीनल ने मांगी माफी, कहा, दोबारा ऐसा नहीं होगा*

*मेयर मीनल चौबे ने आगे कहा कि, मैं शासन-प्रशासन का पूरा सम्मान करती हूं। अगर मेरे या मेरे परिवारजनों की वजह से कोई परेशानी हुई होगी तो उसके लिए मैं माफी मांगती हूं। सभी के बच्चों को यह समझना होगा कि, सड़क पर नहीं घर के अंदर केक काटना चाहिए। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि, दोबारा ऐसा नहीं होगा।*

## शराब पीने के दौरान दोनों के बीच किसी बात पर बढ़ा था विवाद

# दोस्त ने दोस्त पर पेट्रोल डालकर लगाई आग, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में एक दोस्त ने दूसरे दोस्त पर पेट्रोल डालकर कर आग के हवाले कर दिया। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक का नाम 43 वर्षीय कैलाश पांडेय था। वह ग्राम किरीतपुर का रहने वाला था।

शनिवार को कैलाश अपने गांव के दोस्त लोकेश चौहान के साथ मिलकर शराब पी रहा था। शराब के नशे में किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि, लोकेश ने कैलाश के ऊपर पेट्रोल डालकर आग के हवाले कर दिया। इस हादसे में लोकेश की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आगे की जांच में जुट गई।



**क्षेत्र में दहशत का माहौल**

## खेत में दवाई का छिड़काव करने गए थे किसान, टूटे हुए तार की चपेट में आए

# करंट की चपेट में आने से दो किसानों की मौत



**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में खेत में दवाई का छिड़काव करने गए दो किसान करंट की चपेट में आ गए। हादसे में दोनों की मौत हो गई। यह घटना पुसौर थाना क्षेत्र के रेंगालपाली गांव की है। मिली जानकारी के अनुसार, रेंगालपाली गांव में सीताराम सिदार और सुभाष नेताम खेत में दवाई का छिड़काव करने के लिए गए हुए थे। खेत में बिजली का तार टूटकर गिरा हुआ था। दोनों किसान करंट की चपेट में आ गए। आनन-फानन में उन्हें रायगढ़ मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां पर डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद दोनों के शव परिजनों को सौंपे जाएंगे।